# VIJI FINANCE LIMITED

CIN: L65192MP1994PLC008715
Registered Office: 11/2, Usha Ganj, Jaora Compound, Indore (M.P.)-452001
Tel. 0731-4246092, Email id- info@vijifinance.com, Website-www.vijifinance.com

**Dated: 20th July 2026**

| | |
|---|---|
| To,<br>**The Secretary (DCS/Compliance),**<br>Corporate Relationship Department,<br>**BSE Limited**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai-400001 | To,<br>**The Secretary (Listing/Compliance),**<br>**National Stock Exchange of India Limited**<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex Mumbai-400001 |
| To,<br>**The Secretary,**<br>**The Calcutta Stock Exchange Limited**<br>4, Lyons Range, Dalhousie, Murgighata, B B D Bagh, Kolkata, West Bengal 700001 | |

**Sub: Compliance under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Reference: VIJI FINANCE LIMITED (BSE SCRIP CODE: 537820; CSE SCRIP CODE: 032181; NSE SYMBOL: VIJIFIN, ISIN: INE159N01027)**

Dear Sir/Madam,

With reference to the above-mentioned subject and in terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed public notice published on 19th July, 2026 in Free press- Indore & Mumbai edition (in English) and Choutha Sansar (in Hindi) about Notice of 32nd Annual General Meeting of the Company to be held on Thursday 13th August, 2026 through Video Conferencing/ Other Audio-Visual Means ("VC/OAVM").

You are requested to please take the same on record.

Thanking you,

**For VIJI FINANCE LIMITED**

Vijay Kothari
Digitally signed by Vijay Kothari
Date: 2026.07.20 18:06:17 +05'30'

**Vijay Kothari**
**Chairman & Managing Director**
**DIN: 00172878**

## एक नजर

### उर्मिला सैनी हत्याकांड में आरोपी पति पर अब 20 हजार का इनाम

इंदौर। पोस्टल असिस्टेंट उ?र्मिला सैनी की हत्या कर फरार हुए पति(आरोपी) अखिलेश की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त ने इनाम राशि बढ़ा दी है।तीन दिन पहले इनाम राशि 10 हजार थी, जिसे अब दोगुना यानि 20 हजार रुपए कर दिया है। पुलिस के अनुसार हत्याकांड को अंजाम देकर भागे आरोपी को पकड़ने पांच टीमें गठित की गई थी। टीम ने कई राज्यों, शहरों में आरोपी को पकड़ने दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिला। घटना स्थल, बच्चों के स्कूल, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने खंगाले हैं। वहीं, आरोपी का कहीं पता नहीं चल पा रहा है। उसे पकड़ने अब दो टीमें ओर बढ़ाई गई है। क्राइम ब्रांच, साइबर सेल को भी टीम में शामिल किया है।

### चंदन नगर थाना चौथी बार अव्वल

इंदौर। शहर के सभी थानों के कार्यों की पुलिस कमिश्नर स्तर पर रैकिंग तय की जाती है। इसमें जो भी थाना बेहतर परफार्मेंस करता है, उससे नंबर वन का खिताब दिया जाता है। जून माह के मूल्यांकन में एक बार फिर चंदन नगर थाने ने नंबर वन स्थान पाया। वह चौथी बार अव्वल रहा। थानों के कार्यों की समीक्षा संबंधित जोन की डीसीपी की अध्यक्षता में बनी कमेटी द्वारा तय मापदंडों पर की गई। इसके आधार पर सभी 32 थानों के कार्य निष्पादन, जनसतुष्टि और आमजन के हित में किए जा रहे नवाचारों आदि पैरामीटर्स के आधार पर बेहतर परफॉर्मेंस के लिए थाना चंदन नगर प्रथम स्थान रहा, जबकि बा ागंगा ने द्वितीय और द्वारकापुरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाने के थाना प्रभारी सहित स्टाफ को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं कमजोर परफॉर्मेंस वाले थाने के टीआई और स्टाफ को और बेहतर कार्रवाई के लिए आवश्यक ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी। बता दें, पुलिस कमिश्नरेट द्वारा पुलिस की कार्यप्र ाली को और बेहतर, अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनोन्मुखी बनाए जाने के प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### यहां क्या कर रहा है, पूछने पर युवक के चेहरे पर मारा चाकू

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के चोइथराम मंडी इलाके में एक गोदाम के सामने मामूली बात को लेकर चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। यहाँ सिर्फ यह पूछने पर कि तुम यहाँ क्या कर रहे हो, एक आरोपी ने युवक पर लात-घूंसों से हमला करने के बाद धारदार चाकू से उसके चेहरे पर वार कर दिया। हमले में युवक की आँख के पास गंभीर चोट आई पुलिस के अनुसार, यह वारदात चोइथराम मंडी के पास स्थित एक गोदाम के सामने घटित हुई। हमले में घायल युवक का नाम योगेश सिंह है, जो तेजाजी नगर का निवासी है। योगेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जावेद के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। फरियादी योगेश ने पुलिस को बताया कि वह मंडी परिसर में खाना खाने के बाद होटल संचालक को प्लेट वापस देने के लिए जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह एक गोदाम के सामने पहुँचा, तो रास्ते में उसे आरोपी जावेद खड़ा हुआ मिला। योगेश ने सामान्य तौर पर जावेद से पूछ लिया कि 'तू यहाँ क्या कर रहा है।' इतनी सी बात सुनते ही आरोपी जावेद बुरी तरह तैश में आ गया और उसने गाली-गलौज करते हुए योगेश के साथ मारपीट शुरू कर दी।

### होटल में घुसकर बदमाशों ने मचाया उत्पात

इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक होटल के अंदर घुसकर बदमाशों द्वारा जमकर उत्पात मचाने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की सनसनीखेज धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी पुराने विवाद में दर्ज केस वापस लेने का दबाव बनाने के लिए अपने साथियों के साथ होटल पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार, अमितेश नगर निवासी फरियादी हितेश पिता लक्ष्म ा ने आरोपियों के खिलाफ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित हितेश ने पुलिस को बताया कि वह राजेंद्र नगर ए.बी. रोड पुलिया के पास स्थित ह्यहोटल बी टाउन' में मौजूद था। इसी दौरान ग्राम धन्नड़ देपालपुर निवासी आनंदीलाल सेठ अपने साथी शेखर पटेल, योगेश और कुछ अन्य बदमाशों को लेकर एक राय होकर होटल के अंदर जबरन घुस आया।

# 40 हजार रुपए रिश्वत लेते जूनियर इंजीनियर पकड़ाया

## लोकायुक्त पुलिस की कार्रवाई, सोलर पैनल की फाइल बढ़ाने के लिए मांगे थे रुपए



इंदौर। लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री नमेश कुमार भोंडेकर को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी सोलर पैनल संबंधी फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था।

लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार, परदेशीपुरा निवासी बिल्डर एवं होटल व्यवसायी शिवप्रकाश बसवाल ने 17 जुलाई 2026 को लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अंबे नगर स्थित जीआर-7 होटल की इमारत पर लगाए जाने वाले सोलर पैनल की फाइल आगे बढ़ाने के लिए कनिष्ठ यंत्री नमेश कुमार भोंडेकर 80 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है।

शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के निर्देशन में निरीक्षक सचिन पटेरिया के नेतृत्व में ट्रैप टीम गठित की गई। शनिवार को टीम ने सुखलिया जोन स्थित विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में कार्रवाई की। यहां आरोपी कनिष्ठ यंत्री को शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपए की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 2018 की धारा-7 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# एनडीपीएस एक्ट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच लगी थी तलाश में, पहले चार आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार



इंदौर। एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी काफी समय से तलाश की जा रही थी। बता दे कि इस मामले में पूर्व में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके है।

इंदौर क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को फरार आरोपी अरमान (23) पिता आजम खान, निवासी ग्राम सुरजानी, जिला मंदसौर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। लंबे वक्त से उसकी तलाश की जा रही थी। एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में उसकी तलाश की जा रही थी। मुखबीर की सूचना और टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर टीम ने उसे गिरफ्तार किया।

पूर्व में पकड़ाए आरोपी, 5 लाख 40 हजार की ड्रग्स मिली थी

उन्होंने बताया कि ईशान पिता इरफान खान निवासी झालावाड़, शाहनवाज पिता मो.साहिद निवासी छत्रीपुरा मेन रोड, नायब पिता मुबारिक शाह निवासी लाबरियाभेरू चौराहा और चितरंजन पिता वीरेंद्र सिंह राठौर निवासी जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया जा चुका है। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के पास से 53.96 ग्राम एमडी ड्रग्स जिसकी कीमत 5 लाख 40 हजार रुपए और एक कार जिसकी कीमत 5 लाख रुपए है। इस तरह कुल 10 लाख 40 हजार रुपए का माल जब्त किया था। इधर, क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी अरमान से पूछताछ कर ओर भी जानकारी निकाल रही है।

**अब तक 50 मामलों में 108 आरोपी गिरफ्तार-** डीसीपी त्रिपाठी ने बताया कि 1 जनवरी से अब तक एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत 50 मामलों में 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन कार्रवाइयों में आरोपियों के पास से 2,298 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, 28.338 किलोग्राम गांजा, 500 किलोग्राम भांग, 256.08 ग्राम ब्राउन शुगर और 10 ग्राम कोकीन लगभग 2,86,08,000 कीमत के मादक पदार्थ व गाड़ियां जब्त की गई है।




# नशे के खिलाफ साइक्लोथॉन, शपथ भी ली

## शहरवासियों को दिया स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश

इंदौर। नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। रन फॉर ए हेल्थी लाइफ, सेय नो टू ड्रग्स थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में 400 साइक्लिस्ट शामिल हुए।

साइक्लिस्ट ने शहरवासियों को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। इसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, बीएसएफ के जवानों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि छोटे बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक के वरिष्ठ नागरिकों ने भी साइकिल चलाकर नशे के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता जताई।

**शपथ भी ली-** रैली शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों ने ऊर्जा से भरपूर जुम्बा सेशन में हिस्सा लिया और इसके बाद नशे से दूर रहने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को रवाना किया। रैली आई लव इंदौर सेल्फी प्वाइंट से शुरू होकर गीता भवन, जीपीओ चौराहा, सपना संगीता, कलेक्ट्रेट चौराहा, राजवाड़ा और रीगल चौराहा होते हुए पुनः पलासिया पहुंचकर संपन्न हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने नशे से दूरी है जरूरी, सेय नो टू ड्रग्स और स्वस्थ जीवन, नशामुक्त जीवन जैसे नारों के जरिए शहरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इंदौर पुलिस का यह अभियान नशामुक्त समाज की दिशा में जनभागीदारी बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# घर पर किया हमला, पुराने विवाद में पथराव और तोड़फोड़

## वीडियो आया सामने, पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया



**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के घर पर हमला कर दिया। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बदमाश वारदात करते नजर आ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फुटेज और फरियादी की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामले में एसीपी अशोक सिंह जादौन ने बताया कि घटना शुक्रवार रात विजयश्री कॉलोनी, कालानी नगर की है। यहां रहने वाले राहुल राठौर के घर पर पप्पू खटिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पथराव किया था।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी फरियादी के घर पर पथराव और तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं। अचानक हुए हमले से आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फरियादी के बयान व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। एसीपी ने बताया कि पथराव और तोड़फोड़ के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**पुराने विवाद के चलते किया हमला-** एसीपी ने बताया कि राहुल और पप्पू के बीच पुराना विवाद चल रहा है। पहले भी दोनों पक्षों के खिलाफ मामले दर्ज हो चुके हैं। इसी रंजिश के चलते पप्पू ने राहुल के घर पर हमला किया। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है कि वारदात में किसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। यदि जांच में हथियार के इस्तेमाल की पुष्टि होती है, तो उसे जब्त कर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी। साथ ही पुलिस आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

## 7 बदमाशों को किया जिलाबदर, 3 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

इंदौर। शुक्रवार को पुलिस ने तीन हत्या और तीन हत्या के प्रयासों में शामिल बदमाश के साथ 7 को जिलाबदर किया है। वहीं, 3 शातिर बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने बदमाश सादिक पिता गुलफाम निवासी सहयोग नगर थाना चंदन नगर को एक साल, मोहम्मद अयाज पिता मोहम्मद वारिस निवासी सम्राट नगर थाना खजराना को एक साल, फैजल उर्फ कालू शाह उर्फ मांडा पिता माजिद शाह उर्फ माजिद डॉन निवासी तंजीम नगर थाना खजराना को 3 माह, फारुख उर्फ लम्बू पिता नूर मोहम्मद निवासी चंदूवाला रोड़ थाना चंदन नगर को 3 माह, करण उर्फ कन्नू पिता जीतू बंजारा निवासी एफ ब्लॉक गड्डे वाली मल्टी गांधीनगर को 3 माह, गणेश परमार उर्फ पटेल पिता कैलाश निवासी पगनिसपागा भाट मोहल्ला थाना रावजी बाजार को 3 माह तथा किशोर उर्फ कुणाल पिता कन्हैया लाल हटकर निवासी बाल्दा कॉलोनी थाना छत्रीपुरा को तीन माह के लिए जिलाबदर किया है। जबकि, मनीष उर्फ चिकना पिता मनोज उर्फ मनोहर परमार उर्फ पंवार निवासी हुक्माखेड़ी लाल मल्टी थाना राजेंद्र नगर को एक साल, लोकेश पिता विष्णु चौहान निवासी खेल के मैदान के पास नई बस्ती थाना तेजाजी नगर को 6 माह तथा नीलेश पिता नारायण पंवार निवासी शंकरबाग थाना रावजी बाजार को 6 माह तक संबंधित थानों में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं।

# भगवान श्रीकृष्ण पर टिप्पणी को लेकर इंदौर में विरोध

## भय्यू महाराज की पत्नी ने मौलाना के खिलाफ एफआईआर की मांग की

इंदौर। भैय्यू महाराज की पत्नी डॉ. आयुषी देशमुख ने भगवान श्रीकृष्ण पर की गई अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने संबंधित मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एक आवेदन भी दिया।

इंदौर में भैय्यू महाराज की पत्नी आयुषी ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर एक मौलाना के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म या आराध्य का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता।

आयुषी देशमुख ने कहा कि जिस व्यक्ति ने यह बयान दिया है, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह अपनी संस्था के माध्यम से संबंधित मौलाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन देंगी।

**धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा-** आयुषी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति हिंदू धर्म या भगवानों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करेगा तो उसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिससे किसी भी धर्म के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने इस दौरान कुछ बेहद कठोर दंड की भी मांग की।

**वकीलों ने भी किया विरोध-** उधर, इंदौर के वकीलों में भी इस मामले को लेकर काफी रोष है। एडवोकेट दिलीप नागर, शैलेंद्र सिंह बैस, शुभम सुनहरे, सुनील डावर, कुलदीप नागर, शुभम राजपूत सहित अन्य ने शुक्रवार देर शाम पलासिया टीआई के नाम ज्ञापन सौंपा और मौलाना के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की।

**यह है पूरा मामला-** दरअसल उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी मौलाना जरजिस अंसारी का एक वीडियो सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह बयान सनातन धर्म की आस्थाओं के विपरीत, भ्रामक और करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। शिकायती आवेदनों में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार की टिप्पणी से सामाजिक तनाव और विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसी आधार पर मौलाना के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

## कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDAL0720260051 **विज्ञप्ति** दिनांक/10/JUL/2026

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम-सोलसिन्दा, तहसील-सांवर, जिला इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ. क्र. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आवेदक रायल वाटरपार्क प्रा. लि. तर्फे डायरेक्टर 1. श्री शिवनारायण भूतड़ा पिता श्री रामप्रताप भूतड़ा 2. श्री दिलीप केशवराव बल्लाल पिता श्री केशवराव बल्लाल पता :-फ्लेट नं.-302, 36/2, न्यू पलासिया, इन्दौर, म.प्र. कालोनी का नाम "TRIDENT" | ग्राम सोलसिन्दा तहसील सांवेर जिला स्थित भूमि खसरा क्रमांक 399/1/3 रकबा 0.590 हे., 399/1/1/1 रकबा 0.464 हे., 390/2/2 रकबा 0.949 हे., 390/2/1 रकबा 0.949 हे. कुल रकबा 2.952 हे. पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी 7 आईजीआर 17522026ए100729897 इंदौर दिनांक 16.06.2026 से भूखण्ड क्रं. 9 से 13, 43 से 44, 73 से 77, 140 से 142, 158 से 164, 167 से 173, 178 से 185, 188 से 195, 200 से 209, 212 से 221, इस प्रकार कुल 65 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 4106.31 वर्गमीटर भूमि है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 65 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नही किया जावेगा।

(कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित)

अपर कलेक्टर
जिला- इंदौर

## आई. आई. टी. ग्रीन्स

ग्राम सिमरोल, तहसील महू जिला इन्दौर (RERA P-OTH-25-5912)

**आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) एवं निम्न आय वर्ग (एल.आई.जी.) हेतु आरक्षित भूखण्डो के आवंटन के संबंध में सूचना**

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 और उसके अधीन बनाये गए म.प्र. ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अंतर्गत हमारे द्वारा ग्राम सिमरोल तहसील महू जिला इन्दौर के सर्वे क्रमांक 998/2/2, 999/1/2/2 कुल रकबा 3.422 हेक्टेयर भूमियों पर विकसित की जा रही आवासीय कॉलोनी "आई.आई.टी. ग्रीन्स" में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग हेतु आरक्षित भूखण्डो का विक्रय/आवंटन नियम में निर्धारित मापदण्डो के आधार पर किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त कॉलोनी में आरक्षित भूखण्डो के आवंटन/विक्रय हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते है :-

**पात्रता की शर्तें:** 1. आवेदक का आधार कार्ड एवं समग्र आई.डी. अनिवार्य है। 2. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र/स्वप्रमाणित प्रतिलिपि) 3. आवेदक को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के आरक्षित भूखण्डो की पात्रता हेतु कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग का होना आवश्यक है। (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी/स्वप्रमाणित वार्षिक आय प्रमाण पत्र) 4. भूखण्डो के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप आवेदन प्रपत्र एवं शर्ते, रूपये 100/- जमा करवाकर विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस में समय 10:30 से 5 बजे तक 11/13-बी, मीरापथ, धेनु मार्केट, इन्दौर (म.प्र.) स्थित कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। 5. किसी भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नियम 1999 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी या संस्थान का होगा, इनका कोई कारण नहीं दर्शाया जायेगा। 6. उक्त सभी दस्तावेज की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है। 7. कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग के आरक्षित भूखण्डो की लागत प्रावधानित नियमों के अनुसार रहेगी। 8. आरक्षित भूखण्डो का आवंटन कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग को किया जावेगा। 9. आवेदक के स्वयं/परिवार के पास म.प्र. में कोई भूखण्ड/भवन नहीं है इस आशय का शपथपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

सिद्धार्थ डोमिसाइल क्रिएशन प्रा.लि. 11-13/बी, मीरापथ, धेनु मार्केट, इन्दौर (म.प्र.) संपर्क: 99260-99477

## IDFC FIRST Bank Limited

(erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)

**CIN : L65110TN2014PLC097792, Registered Office: -** KRM Towers, 8th Floor, Harrington Road, Chetpet, Chennai- 600031, Tel : +91 44 4564 4000 | Fax: +91 44 4564 4022.

IDFC FIRST Bank

**Notice under Section 13 (2) of the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002**

The following borrowers and co-borrowers availed the below mentioned secured loans from **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)** The loans of the below-mentioned borrowers and co- borrowers have been secured by the mortgage of their respective properties. As they have failed to adhere to the terms and conditions of the respective loan agreements and had become irregular, their loan were classified as NPA as per the RBI guidelines. Amounts due by them to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)** are mentioned as per respective notices issued more particularly described in the following table and further interest on the said amounts shall also be applicable and the same will be charged as per contractual rate with effect from their respective dates.

| Sr No. | Loan Account No. | Type of Loan | Section 13 (2) Notice Date | Outstanding amount as per Section 13 (2) Notice |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 97775346 | LOAN AGAINST PROPERTY | 13-Jun-2026 | 4,72,647.35/- |

**NAME OF BORROWERS AND CO-BORROWERS :** 1. KAKANI RATNA KUMARI 2. KAKANI ANKARAO

**PROPERTY ADDRESS :** ALL THAT PIECE AND PARCEL OF PROPERTY SITUATED IN PALNADU DISTRICT, NARASARAOPET REG. DISTRICT, VINUKONDA SUB-DISTRICT, IPURU MANDAL, UDIJARLA GRAMA PANCHAYATH, AGNIGUNDALA VILLAGE D.NO.279, DOOR NO. 6-115, ASSESSMENT NO. 238, AN EXTENT OF AC.0.03 CENTS OR 145.2 SQ. YDS. OR 121.968 SQ .METERS OF VACANT SITE THEREIN, WITH ALL EASEMENT RIGHTS, WITHIN THE FOLLOWING **BOUNDARIES. EAST: PROPERTY OF NABURI MARIYA DASU, WEST: PANCHAYATHI CEMENT ROAD, NORTH: PROPERTY OF VADAPALLI ASIAH, SOUTH: PROPERTY OF LANJAPALLI GURAVMMA**

You are hereby called upon to pay the amounts to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)** as per the details shown in the above table with contracted rate of interest thereupon from their respective dates and other costs, charges etc. within 60 days from the date of this publication, failing which the undersigned shall be constrained to initiate proceedings, under Section 13 (4) and section 14 of the SARFAESI Act, against the mortgaged properties mentioned hereinabove to realize the amount due to **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited).** Further you are prohibited under Section 13 (13) of the said Act from transferring the said secured assets either by way of sale/lease or otherwise.

**Sd/- Authorized Officer**

**Date 19.07.2026** **IDFC FIRST Bank Limited (erstwhile Capital First Limited, amalgamated with**
**Place : ANDHRA PRADESH** **IDFC Bank Limited and presently known as IDFC FIRST Bank Limited)**

## विजी फाइनेंस लिमिटेड

CIN: L65192MP1994PLC008715

पंजीकृत कार्यालयः 11/2, उषागंज जावरा कंपाउंड, इंदौर (म.प्र.) – 452001

फ़ोनः 0731–4246092, ईमेलः info@vijifinance.com, वेबपोर्टलः www.vijifinance.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से आयोजित होने वाली 32 वीं वार्षिक आम सभा बैठक की सूचना**

यह सूचित किया जाता है की **विजी फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी") की 32 वीं वार्षिक साधारण सभा ("एजीएम"/"AGM") गुरूवार 13 अगस्त, 2026 को प्रातः 11:30 बजे** भारतीय मानक समय (IST) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("OAVM") के माध्यम से आयोजित की जायेगी जिसमें 14 जुलाई 2026 की AGM सूचना में दिए गये उल्लिखित कार्यों को करने का विचार एवं निर्णय किया जाएगा।

यह AGM कंपनी अधिनियम, 2013 के लागु प्रावधानों और कॉर्पोरेट मामलो के मंत्रालय ("MCA") और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("SEBI") द्वारा जारी परिपत्रो के अनुरूप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("VC") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("OAVM") के माध्यम से आयोजित की जा रही हैं, जिनके अनुसार सदस्यों की किसी सामान्य स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना AGM आयोजित की जा सकती है। सदस्यों को सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("CDSL") द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से AGM में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

उपरोक्त परिपत्रो के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष रिपोर्ट 2025-26 की AGM की सूचना तथा वार्षिक प्रतिवेदन (Annual Report) की इलेक्ट्रॉनिक कॉपी उन सभी शेयरधारको को भेजी जायेगी, जिनके ई–मेल पता कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA) / डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स (DP) के पास पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 के संशोधित विनियम 36 के अनुसार जिन शेयरधारकों का ई–मेल पता पंजीकृत नहीं है, उन्हें कंपनी / डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट्स के अभिलेखों में उपलब्ध नवीनतम पते पर रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट/कंपनी द्वारा एक पत्र भेजा जाएगा, जिसमें कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध वार्षिक प्रतिवेदन का वेब लिंक तथा उसका सटिक पथ (Exact Path) प्रदान किया जाएगा।

जिन शेयर/अशंधारकों ने अपना ई–मेल पता पंजीकृत/रजिस्ट्रर नहीं कराया हैं, वे निम्नानुसार कार्य करें :–

| शेयरधारण का प्रकार | निर्देश |
|---|---|
| भौतिक पद्धति Physical Holding | जिन सदस्यों के शेयर भौतिक रूप में हैं तथा जिनका ई–मेल पता अद्यतन नहीं है, वे SEBI परिपत्र संख्या HO/38/13/(4)(2026-MIRSD-POD/I/4298/2026 दिनांक 06 फरवरी, 2026 (समय–समय पर संशोधित) के अनुसार निर्धारित फॉर्म ISR-1एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र प्रस्तुत कर कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट अंकित कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत / अद्यतन कराएं। |
| डीमेट पद्धति Demat Holding | कृपया आवश्यक औपचारिकताओं का पालन करते हुए अपने संबंधितडिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) के पास अपना ई–मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर अद्यतन कराएं।। |

सदस्य ध्यान दें की 32 वीं AGM की सूचना तथा वित्तीय वर्ष रिपोर्ट 2025-26 की वार्षिक प्रतिवेदन (Annual Report) कंपनी की वेबसाईट **www.vijifinance.com** और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाईट **www.bseindia.com** एवं एनएसई लिमिटेड की वेबसाईट **www.nseindia.com** एवं कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट **www.cse-india.com** पर उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त 32वीं AGM की सूचना सीडीएसएल की वेबसाईट **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध रहेंगी।

सदस्यों को AGM सूचना में उल्लिखित कार्यों/प्रस्तावों पर AGM से पहले रिमोट ई–वोटिंग माध्यम से और AGM के दौरान ई–वोटिंग माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने मतदान का उपयोग करने का अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। भौतिक रूप से शेयर रखने वाले और जिन सदस्यों का ई–मेल पता कंपनी के पास पंजीकृत नहीं है उनके लिए AGM से पहले तथा एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया को एजीएम सूचना में उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्त जानकारी कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी और हितार्थ/लाभ के लिए जारी की जा रही है और MCA और SEBI द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में है।

SEBI ने अपने अद्यतन परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026के माध्यम से निवेशकों को एक विशेष एक वर्ष की अवधि (05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक) प्रदान की है, जिसके दौरान वे उन पुराने भौतिक शेयर हस्तांतरण विलेखों (Physical Share Transfer Deeds) को पुनः प्रस्तुत (Re-lodge) कर सकते हैं, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व प्रस्तुत किया गया था, किन्तु कमियों के कारण अस्वीकृत, वापस कर दिए गए अथवा संसाधित नहीं किए जा सके थे।

बोर्ड के आदेश से
विजी फाइनेंस लिमिटेड
स्तुति सिन्हा
कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी
ए.सी.एस: ४२३७१

दिनांक : 18 जुलाई, 2026
स्थान : इंदौर

C/o/n/v/e/y-Ad

